# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार, 04 अप्रैल 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 185

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेव पार्टी का हुआ भंडाफोड़, हिरासत में लिए गए 142 लोग

**हैदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद में एक रेव पार्टी का भंडाफोड़ हुआ और लगभग 142 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें कई वीआईपी और ऐक्टर, राजनेताओं के बच्चे भी शामिल हैं। बंजारा हिल्स इलाके के एक फाइव स्टार होटल में हैदराबाद पुलिस की टास्क फोर्स टीम ने एक पब में नशे की पार्टी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कोकीन और वीड जैसी प्रतिबंधित नशे की सामग्री बरामद की है। मेगास्टार चिरंजीवी की भतीजी और ऐक्टर नागा बाबू की बेटी निहारिका कोनिडेला को भी यहां से हिरासत में लिया गया है। हालांकि नागाबाबू ने एक वीडियो जारी करके कहा है कि उनकी बेटा का नशे से कोई लेना देना नहीं है। पहले पुलिस इस बारे में जानकारी नहीं दे रही थी लेकिन एक वीडियो वायरल होने के बाद निहारिका के भी हिरासत में लिए जाने की बात बतानी पड़ी। बिग बॉस तेलुगु रियलिटी शो के तीसरे सीजन के विनर सिंगर राहुल सिपलिगुंज भी हिरासत में लिए जाने वाले लोगों में शामिल हैं।

### नेपाल की प्रथम महिला आरजू राणा देउबा ने एम्स का किया दौरा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी और सेफ मदरहुड नेटवर्क फेडरेशन नेपाल की अध्यक्ष आरजू राणा देउबा ने एम्स का दौरा किया। उनके साथ एक नेपाली प्रतिनिधिमंडल भी था जिसमें प्रधानमंत्री के निजी सचिव प्रकाश बहादुर देउबा, प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य सलाहकार राम पदरथ बिच्छा और प्रधानमंत्री के निजी चिकित्सक शैल रूपाखेती और मंत्रिपरिषद और एम्स में प्रोटोकॉल के उप प्रमुख रेवती पौडेल शामिल थी। भारत में प्रजनन स्वास्थ्य अनुसंधान, स्त्री रोग और प्रसूति एवं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में हुई प्रगति पर एक प्रस्तुति दी गई। नीना खन्ना, डीन अकादमिक और एम्स में त्वचा विज्ञान विभाग के प्रमुख, एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डीके शर्मा, प्रमुख, स्त्री रोग नीरजा भाटला, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, एम्स के मां और बच्चे ब्लॉक की अनूप डागा, स्त्री रोग विभाग के गरिमा कछवा एवं प्रमुख मीडिया प्रोटोकॉल विभाग आरती विज सहित एम्स के वरिष्ठ विशेषज्ञों के साथ भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया। एम्स में महिला स्वास्थ्य सेवाओं पर एक संवाद सत्र आयोजित किया गया था। आरजू ने एम्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और जनशक्ति प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता के मामले में एम्स के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुकता जताई।

### न्यायाधीश का सडक़ दुर्घटना में निधन, दो अन्य घायल

**छतरपुर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के मातगुंवा थाना क्षेत्र में हुए एक सडक़ हादसे में बड़ामलहरा में पदस्थ एक न्यायाधीश का निधन हो गया, जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक को मामूली चोट आयी तथा दूसरे को गंभीर हालत में ग्वालियर ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बड़ामलहरा में पदस्थ न्यायाधीश ऋषि तिवारी (28) कल शाम अपने कार से छतरपुर लौट रहे थे, उनके साथ कार में एक अन्य न्यायाधीश आशीष कुमार मथौरिया और उनके रिश्तेदार शैलेन्द्र सवार थे। रास्ते में सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर परा चौकी के समीप उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गयी। दुर्घटना में ऋषि तिवारी का निधन हो गया, जबकि आशीष कुमार मथौरिया और उनके रिश्तेदार शैलेन्द्र घायल हो गए, जिन्हें समीप के अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना में शैलेंद्र को मामूली चोट आयी है, जबकि आशीष कुमार को गंभीर हालत में ग्वालियर ले जाया गया है। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर कर जांच कर रही है।

### श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण जल्द होगा शुरू

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में देश के पहले श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए एक कार्यकारी एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय की योजना, डिजाइन, निर्माण कार्य, फर्नीचर, उपकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था और रखरखाव करेगी। राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में महानिदेशक आयुष साकेत कुमार ने विश्वविद्यालय की कार्ययोजना से अवगत कराया।

## करौली में साम्प्रदायिक हिंसा, इंटरनेट बंद- कर्फ्यू और भारी पुलिस फोर्स तैनात



**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के करौली शहर में आज भी कर्फ्यू लगा है। मोटरसाइकिल रैली पर पत्थरबाजी के बाद साम्प्रदायिक हिंसा भडक़ उठी थी। इस हिंसा में 35 लोग घायल हुए हैं। शनिवार को यहां कुछ लोगों ने हिन्दू नव वर्ष के मौके पर नव संवत्सर बाइक रैली निकाली थी। इस रैली पर पत्थरबाजी के बाद हिंसा भडक़ उठी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इस मामले में जो भी लोग दोषी हैं उनके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब कर रहे हैं उनके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। सीएम ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

राजस्थान के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर हवा सिंह घुमारिया ने कहा कि अबतक इस मामले में 36 लोग हिरासत में लिए गए हैं और अब स्थिति कंट्रोल में है। राजस्थान पुलिस ने कहा कि करौली में अफवाह को रोकने के लिए मोबाइल इंटरनेट को बंद कर दिया गया है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। जयपुर से 170 किलोमीटर दूर स्थित करौली की स्थिति पर प्रशासनिक अमला लगातार नजर बनाए हुए हैं।

करौली पुलिस के अनुसार नव संवत्सर को मनाने के लिए बाइक रैली मुस्लिम बहुल इलाके से गुजर रही थी तभी कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। देखते ही देखते हिंसा बढ़ गई। उपद्रवियों ने कुछ दुकानें जला दी और एक बाइक को भी जला दिया गया। कई दूसरी बाइक को तोडफ़ोड़ दिया गया।

### भाजपा ने करौली पथराव एवं आगजनी की घटना पर गठित की कमेटी

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करौली में नव संवत्सर पर निकाली जा रही रैली पर पथराव एवं आगजनी के मामले की तथ्यात्मक जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आज इसके लिए कमेटी गठित की जो घटनास्थल पर जाकर सभी पक्षों से बात कर तथ्यात्मक जानकारी जुटाएगी और बाद में डा पूनियां को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुजर, प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सांसद जसकौर मीणा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा, विधायक कन्हैया लाल चौधरी एवं पूर्व विधायक रामहेत यादव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को करौली में नवसंवत्सर पर निकाली जा रही मोटरसाइकिल रैली पर पथराव एवं आगजनी की घटना के बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था।

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में लश्कर के 4 सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में रविवार को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के 4 सहयोगियों को गिरफ्तार किया और एक आतंकी मोड्यूल का भंडाफोड़ किया है। ये आतंकवादी सहयोगी जिलों में आतंकवादियों को लॉजिस्टिक और परिवहन प्रदान कर रहे थे।

विशिष्ट इनपुट पर सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा के अष्टांगो गांव में एक चीनी ग्रेनेड बरामद किया और इरफान अहमद भट, सज्जाद अहमद मीर और इरफान अहमद जान के रूप में पहचाने जाने वाले आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया।

बांदीपोरा जिले के राख हाजिन में एक नाका (चेकपोस्ट) के दौरान, सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी, इरफान अजीज को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक चीनी ग्रेनेड बरामद किया।

इरफान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी, उमर लाला के संपर्क में था। उन्होंने कहा, इरफान अपने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी के साथ हाजिन इलाके में आतंकी घटनाएं करने की योजना बना रहा था। पुलिस सूत्रों ने कहा, इन दोनों मामलों में बांदीपोरा और हाजिन पुलिस थानों ने अपराध का संज्ञान लिया है।

## उत्तर भारत में हीट वेव की चेतावनी, तपने लगे पहाड़ : आईएमडी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में पारा तेजी से ऊपर जा रहा है। कई राज्यों में लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू , हिमाचल प्रदेश, विदर्भ और गुजरात में हीट वेव की संभावना जताई है। इसके अलावा 06 अप्रैल के दौरान राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और मध्य प्रदेश में भी लू चलेगी। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके साथ ही हीट वेव का असर दिखाई देगा। वहीं उत्तर-पूर्वी बिहार में लोग बढ़ते पारे से थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर बिहार और आंतरिक तमिलनाडु में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, झारखंड में पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान में हो रही वृद्धि और लू से लोगों को आज यानी 3 अप्रैल को मामूली राहत मिलने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक अगले 24 घंटों के दौरान, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में हल्की और मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, शेष पूर्वोत्तर भारत, दक्षिण तटीय कर्नाटक और लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

वहीं पहाड़ी इलाकों में भी पारा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। आईएमडी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला का अधिकतम तापमान आज 38 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि मिनिमम टेम्प्रेचर 18 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा। वहीं उत्तराखंड की राजधानी देहरादून का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने भारत के 12 मछुआरों को पकड़ा, नाव जब्त की



**चेन्नई (आरएनएस)।** श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने वाले तमिलनाडु के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और एक नाव भी जब्त की है। राज्य के मछुआरा संघ के नेता ने इस गिरफ्तारी की निंदा की है। रामनाथपुरम के मछुआरा संघ के नेता जे. जेसुदासन ने बताया, कि श्रीलंकाई नौसेना नियमित रूप से तमिलनाडु से भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर रही है। हम श्रीलंकाई नौसेना की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं। मछुआरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मशीन नाव भी थी, जो श्रीलंकाई सेना द्वारा जब्त कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और राज्य से भारतीय मछुआरों को राहत पहुंचाना चाहिए। रविवार की गिरफ्तारी के साथ, वर्तमान में श्रीलंकाई हिरासत में तमिलनाडु के मछुआरों की संख्या बढक़र 103 हो गई है। रामनाथपुरम और थंगाचिमडोम के मछुआरे शनिवार रात अलग-अलग नावों में समुद्र में उतरे थे।

रविवार को यह पाया गया कि एक नाव वापस नहीं आई थी और पूछताछ करने पर पता चला कि मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया था। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार मछुआरों और नाव को श्रीलंका के मैलाडी फिशिंग हार्बर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए जाफना में सौंप दिया जाएगा। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने डेल्फ्ट द्वीप क्षेत्र से कई भारतीय मछली पकडऩे वाली नौकाओं का पीछा किया और 12 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही उनकी नाव को भी जब्त कर लिया है।

## भाजपा में कर्नाटक-हिमाचल को लेकर मंथन तेज, अमित शाह और जेपी नड्डा ने संभाली कमान



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेतृत्व ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश में साल के आखिर में चुनाव होगा, जबकि कर्नाटक में अगले साल के पूर्वार्द्ध में चुनाव होगा।

पार्टी के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह ने एक दिन पहले बेंगलुरु में कर्नाटक की कोर कमेटी के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। वहीं, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में हिमाचल के नेताओं के साथ बैठक की है।

कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकारें हैं। इन दोनों राज्यों में उसके सामने रणनीतिक दिक्कत भी उभर रही है। हिमाचल प्रदेश में बीते एक लोकसभा और तीन विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी को हार मिली थी, जबकि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के बाद भी सत्ता और संगठन में बेहतर समन्वय नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कर्नाटक जाकर कोर कमेटी की बैठक कर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की है।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व ने हिमाचल और गुजरात विधानसभा के साथ जल्द चुनाव कराने के सुझाव को खारिज कर दिया है। इसके बजाय पार्टी वहां पर सत्ता और संगठन में जरूरी बदलाव कर समय पर ही चुनाव कराएगी।

सबसे पहले कर्नाटक में मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा, जिसमें सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखा जाएगा। इसके बाद प्रदेश संगठन में बदलाव किए जाएंगे। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष नलिन कटील ने 2019 में येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश अध्यक्ष की कमान संभाली थी। लेकिन, येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री पद से हटने और बसवराज बोम्मई के मुख्यमंत्री बनने के बाद सत्ता और संगठन में समन्वय की कमी आई है। इसे देखते हुए अध्यक्ष पद पर भी बदलाव होने की संभावना है।

हिमाचल प्रदेश में भाजपा की दिक्कत अपने भीतर से ज्यादा विपक्षी कांग्रेस की तरफ से है। चूंकि यह पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है, ऐसे में बहुत सारे निर्णय नड्डा खुद ही करेंगे। नड्डा ने शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री के साथ बैठक भी की है। इसमें उपचुनावों में पार्टी को मिली हार से लेकर अब तक की स्थितियों की व्यापक समीक्षा की गई है। चूंकि, चुनाव साल के आखिर में होने हैं, ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन शायद ही हो, लेकिन संगठन के स्तर पर कुछ बदलाव हो सकते हैं। फिलहाल, पार्टी नेतृत्व बदलाव से ज्यादा चुनावी रणनीति को चाक-चौबंद करने और उस पर प्रभावी अमल पर ज्यादा जोर दे रही है।

## नासिक के पास बड़ा रेल हादसा, जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के नासिक के पास रविवार को ट्रेन हादसा हो गया। लाहवित और देवलाली के बीच 11061 एलटीटी-जयनगर एक्सप्रेस के करीब 10 डिब्बे पटरी से उतर गए। मध्य रेलवे के सीपीआरओ के मुताबिक यह हादसा करीब 3.10 बजे डाउन लाइन पर लाहवित और देवलाली (नासिक के पास) के बीच हुआ। जिसमें ट्रेन के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के बाद दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल वैन मौके पुहंच चुकी है। हालांकि, हादसे में अभी तक किसी भी यात्री की जान जाने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि हादसे में कुछ यात्रियों को चोटें आ सकती हैं। फिलहाल मौके पर मेडिकल ट्रेन को रवाना कर दिया गया है। यह हादसा कैसे हुआ इसका पता नहीं चल पाया है।

## अनुराग सिंह ठाकुर ने डोपिंग निरोधक परीक्षण को सशक्त करने के लिए नई दुर्लभ रासायनिक संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एक सफल उपलब्धि में, राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) ने स्वदेशी रूप से छह नई और दुर्लभ संदर्भ सामग्रियां (आरएम) विकसित की हैं, जो दुनिया भर में सभी वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) द्वारा मान्यताप्राप्त प्रयोगशालाओं में डोपिंग निरोधक विश्लेषण के लिए आवश्यक रसायन का सबसे शुद्ध रूप है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर)-गुवाहाटी और सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन (आईआईआईएम), जम्मू के सहयोग से एनडीटीएल द्वारा एक साल से भी कम समय में छह संदर्भ सामग्रियां विकसित की गई हैं।

केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा एनडीटीएल की 15वीं शासी निकाय बैठक के दौरान खेल सचिव श्रीमती सुजाता चतुर्वेदी और खेल मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में संदर्भ सामग्रियों को लॉन्च किया गया।

एनडीटीएल ने इन संदर्भ सामग्रियों के निर्माण के साथ-साथ दुनिया की उन कुछ प्रयोगशालाओं में से एक होने की पहचान प्राप्त की है जहां ऐसी संदर्भ सामग्रियां विकसित की गई हैं। उपलब्धि के बारे में ठाकुर ने कहा, मैं उन तीन संस्थानों के वैज्ञानिकों की सराहना करता हूं जिन्होंने इन संदर्भ सामग्री को बनाने के लिए अथक प्रयास किया है। ये संदर्भ सामग्री दुनिया भर में आसानी से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त हर प्रयोगशाला द्वारा डोपिंग निरोधक विश्लेषण के लिए आवश्यक हैं। भारत स्वयं कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से आरएम आयात करता रहा है, हालांकि, इस वैज्ञानिक विकास के साथ भारत ने वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ाया है, जो डोपिंग निरोधक विज्ञान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का दृष्टिकोण है। बहुत जल्द, हम इन आरएम को अन्य देशों में भी निर्यात करेंगे।

ठाकुर ने कहा, इन दुर्लभ संदर्भ सामग्रियों की उपलब्धता से पूरे डोपिंग निरोधक समुदाय को अपनी परीक्षण क्षमताओं को सशक्त करने और दुनिया भर में खेल नीति में निष्पक्ष खेल को बढ़ावा देने के लिए देशों के बीच आपसी सहयोग के युग की शुरुआत करने में मदद मिलेगी। पिछले साल इन संदर्भ सामग्रियों के लिए अनुसंधान शुरू हुआ था जब एनडीटीएल ने 2-3 वर्ष की अवधि में चरणबद्ध तरीके से निषिद्ध पदार्थों की 20 ऐसी संदर्भ सामग्री को स्वदेशी रूप से संश्लेषित और विकसित करने के लिए दोनों राष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठनों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। भारत सरकार के सक्रिय समर्थन और वित्त पोषण के बल पर एनडीटीएल और एनआईपीईआर-जी और सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू के बीच अनुसंधान एवं विकास संबंधी यह गतिविधियां शुरू की गई हैं।

लॉन्च की गई छह संदर्भ सामग्रियों में से तीन-तीन को एनआईपीईआर-गुवाहाटी और सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू के सहयोग से संश्लेषित किया गया था। पिछले साल भी, एनडीटीएल और एनआईपीईआर-गुवाहाटी के वैज्ञानिकों ने 2021 में दो स्वदेशी रूप से विकसित दुर्लभ संदर्भ सामग्री को संश्लेषित करने में सफलता प्राप्त की, जिन्हें वाडा द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के साथ लॉन्च करके साझा किया गया था।

इन संदर्भ सामग्रियों के लॉन्च से बेहतर डोपिंग निरोधक परीक्षण सुनिश्चित होगा जो खेल मंत्रालय की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और देश में डोपिंग निरोधक कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के साथ खेल के क्षेत्र में निष्पक्षता कायम करना एकमात्र उद्देश्य है।